**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–14, सी०एण्ड डी०एस० उ०प्र० जल निगम, गोरखपुर**

पत्रांक : 1335/जी०10/12 | दिनांक : 28.6.17

संलग्नक–2

## निविदा सूचना

अध्यक्ष, उ०प्र० जल निगम, लखनऊ की ओर से जनपद महराजगंज में नगरीय जल निकासी योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् नौतनवा में तूठीबारी चौराहे से पीडब्ल्यू सड़क के किनारे दोनों तरफ लोहसीपुर तक (L.H.S. of PWD Road 1175 Meter & R.H.S. of PWD Road 1150 Meter) कुल 2325 मीटर नाला निर्माण हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 28.07.2017 को अपरान्ह 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा पत्र दिनांक 19.07.2017 से 24.07.2017 तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–14, सी०एण्ड डी०एस० उ०प्र० जल निगम, गोरखपुर/महाप्रबन्धक (नि–14) सी०एण्ड डी०एस० उ०प्र० जल निगम, लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य का भुगतान करके कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है निविदा प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 28.07.2017 को अपरान्ह 5:00 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकता है, जिसे दिनांक 31.07.2017 को ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपरान्ह 3:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय गोरखपुर में जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु लाख में) | धरोहर धनराशि (रु लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद महराजगंज में नगरीय जल निकासी योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् नौतनवा में तूठीबारी चौराहे से पीडब्ल्यू सड़क के किनारे दोनों तरफ लोहसीपुर तक (L.H.S. of PWD Road 1175 Meter & R.H.S. of PWD Road 1150 Meter) कुल 2325 मीटर नाला निर्माण | 441.49 | 7.00 | 10000.00+5% वैट | 12 माह |

**नियम एवं शर्तें–**

1– निविदा प्रपत्र का विक्रय उ०प्र० जल निगम/सी०एण्ड डी०एस०/लोक निर्माण विभाग/सिचाई विभाग/सी०पी०डब्लू०डी०/उ०प्र० सरकार के उपक्रम/भारत सरकार के उपक्रमों में श्रेणी 'ए' (भवन कार्य) में पंजीकृत ठेकेदारों को उनके अनुरोध पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण–पत्र एवं निविदा प्रपत्र मूल्य राष्ट्रीकृत बैंक का ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर ही की जायेगी।

2– प्रत्येक निविदायें दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफों में जमा करना होगा जिसमें एक लिफाफे में टेक्निकल बिड/फाइनेन्शियल बिड अंकित हो।

3– निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीकृत बैंकों के एफ०डी०आर०, सी०डी०आर०/डाकघर का क्रय किये हुये एन०एस०सी० के रूप में हो जो निदेशक, सी०एण्ड डी०एस० उ०प्र० जल निगम, यूनिट–14, गोरखपुर के पदनाम बन्धक हो, जो जमा करना होगा।

4– ठेकेदार/फर्म की न्यूनतम हैसियत निविदा लागत की 40 प्रतिशत, टर्न ओवर पिछले तीन वर्ष का औसतन 30 प्रतिशत एवं किसी एक वर्ष में 50 प्रतिशत होनी चाहिये।

Scanned by CamScanner

5– ठेकेदार/फर्म को कार्य की लागत के सापेक्ष विगत 7 वर्षों में तीन कराये गये कार्यों का 40 प्रतिशत अथवा दो कराये गये कार्यों का 50 प्रतिशत अथवा किसी एक कराये गये कार्य का 80 प्रतिशत का अनुभव होना अनिवार्य है।

6– विभाग में कराये गये कार्यों की गुणता/प्रगति के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

7– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

8– निविदाता जिसका अपराधिक रिकार्ड है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेंगे।

9– निविदाता जो किसी भी बार काउन्सिल में पंजीकृत है, निविदा में भाग नहीं ले पायेंगे।

10– निविदा दरों के साथ रु 100.00 (एक सौ रु मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जमा करना होगा।

11– निविदाताओं से यह विशेष रूप से आपेक्षित है कि वे निविदा दर देने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण व निविदा प्रपत्रों का अध्ययन कर लें।

12– निविदा डाक द्वारा मगॉने पर व्यय रु 500.00 अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

13– सफल निविदा दाता को अनुबन्ध हेतु 5 प्रतिशत जमानत धनराशि (धरोहर धनराशि को सम्मिलित के रूप में जमा की गयी धनराशि को सम्मिलित करते हुए) एवं नवीनतम प्रचलित दर से स्टाम्प जमा करना होगा।

14– 5 प्रतिशत धनराशि अनुबन्धकर्ता के बीजक से काटी जायेगी।

15– जमानती धनराशि रख–रखाव अवधि समाप्त होने के पश्चात् कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक होने पर की जायेगी।

16– किसी भी वाद–विवाद के निस्तारण का स्थल मा0 न्यायालय गोरखपुर में होगा।

**(हनुमान त्रिपाठी)**
**परियोजना प्रबन्धक**

पृ0सं0 एवं दिनांक –तदैव–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, 6 राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ।
2– निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय, गोरखपुर।
4– जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज।
5– पुलिस अधीक्षक महोदय, गोरखपुर।
6– मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, गोरखपुर।
7– अधीक्षण अभियन्ता, सप्तदश मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, गोरखपुर।
8– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 गोरखपुर।
9– समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, गोरखपुर/महराजगंज।
10–अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नौतनवा जनपद महराजगंज।
11–जन सम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम, 6 राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ को 6 प्रतियों में एवं सी0डी0 सहित इस आशय से प्रेषित कि इन्हें अपने स्तर से राष्ट्रीय समाचार पत्रों, क्षेत्रीय समाचार पत्र एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
12–गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड।
13–बेवसाइट पर प्रकाशन हेतु।

**परियोजना प्रबन्धक**

Scanned by CamScanner